महेश्वर उत्सव

चर्चा में क्यों?

26 मार्च, 2022 को भोपाल के मृगनयनी एम्पोरियम जीटीबी कॉम्प्लेक्स में महेश्वर उत्सव का शुभारंभ हुआ। यह उत्सव 22 अप्रैल तक चलेगा।

प्रमुख बिंदु

- महेश्वर उत्सव का प्रारंभ प्रसिद्ध गौंडी चित्रकार दुर्गाबाई व्याम ने किया।
- इस अवसर पर दुर्गाबाई व्याम ने कहा कि यह उत्सव हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इससे कलाकारों को नया उत्साह मिलेगा।
- मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने कहा कि मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम का मुख्य उद्देश्य बुनकर चित्रकारों को रोज़गार एवं सम्मान दिलाना तथा प्राचीन कला और संस्कृति के कलाकारों को आगे बढ़ाना है।
- इस उत्सव में माहेश्वरी साड़ियों के साथ ही अन्य उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। प्रदर्शनी में कबीर बुनकर पुरस्कार प्राप्त कलाकार विकास बड़े के उत्पादों को भी शामिल किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maheshwar-utsav